हरिभूमि
# कोरिया भूमि

तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 16 डिग्री

बिलासपुर, सोमवार 23 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

2 पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के पास सड़क किनारे संचालित अस्थाई दुकानों में लगी आग



## खबर संक्षेप

### पन्ना होंगे जनपद बैकुंठपुर के नए सीईओ

**बैकुण्ठपुर।** प्रशासनिक व्यवस्था में अमूलचूल परिवर्तन करते हुए



जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ खैरवार को आगामी आदेश तक जिला पंचायत बैकुंठपुर में पदस्थ किया गया है, वहीं अलेक्जेंडर पन्ना को आगामी आदेश तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर का अस्थायी प्रभार सौंपा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यक्रमों में जवाबदेही और अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बतौली की लीजा बनीं व्यवहार न्यायाधीश

**अम्बिकापुर।** नगर की होनहार



बेटी लीजा पाल ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी परीक्षा-2024 में सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति अंतर्गत विधि एवं विधायी कार्य विभाग के लिए व्यवहार न्यायाधीश के कुल 57 पदों हेतु परीक्षा आयोजित की गई थी। मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर 2025 को आयोजित हुई थी तथा लिखित परीक्षा का परिणाम 22 जनवरी को घोषित किया गया। इसके पश्चात 10 से 20 फरवरी तक कुल 183 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। लिखित एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर आयोग ने कुल 57 पदों पर चयन सूची जारी की है, जिसमें बतौली की लीजा पाल का चयन होना नगर एवं क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि लीजा पाल बतौली की पूर्व जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी पाल एवं स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत महेंद्र पाल की पुत्री हैं।

### दीपशिखा का एनएफआर गुवाहाटी रेलवे में चयन

अम्बिकापुर। सरगुजा जिले की प्रतिभाशाली बास्केटबॉल खिलाड़ी



दीपशिखा एक्का ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर एनएफआर गुवाहाटी असम में नौकरी प्राप्त कर जिले एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे सरगुजा जिले और सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ में हर्ष और गौरव का माहौल है। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि दीपशिखा एक्का सखोली दरिमा की निवासी हैं। बचपन से ही खेल प्रति लगन था। वर्ष 2015 में जब वे कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कक्षा 7वीं की छात्रा थीं तब सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित टैलेंट सर्च प्रोग्राम के तहत प्रतिभा को पहचानते हुए बास्केटबॉल खेल के लिए चयन किया।

### 83 पटवारियों का किया गया स्थानान्तरण

**अंबिकापुर।** शनिवार को जिले में बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। कलेक्टर श्री वसंत जिले में लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए 83 पटवारियों का स्थानान्तरण आदेश जारी किया है। इसके साथ ही सभी पटवारियों को 23 फरवरी तक नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए गए है। बता दें कि सरगुजा जिले में पटवारी लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे हुए थे। हल्का पटवारियों के एक ही स्थान पर जमे रहने से कई बार तरह तरह की शिकायतें भी सामने आ रही थी।

## रिकॉर्ड और भंडारण में भारी अंतर, जिला प्रशासन से जांच की मांग

# कठौतिया उपार्जन केन्द्र में गड़बड़ी 900 बोरा धान गायब, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के कठौतिया धान उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। केन्द्र के रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण के बीच भारी अंतर पाए जाने से हड़कंप मच गया है।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार लगभग 900 बोरी धान गायब होने की आशंका जताई जा रही है, जो सीधे तौर पर बड़े आर्थिक घोटाले की ओर इशारा करता है। रिकॉर्ड के मुताबिक कठौतिया उपार्जन केन्द्र से अभी 360 क्विंटल धान का उठाव शेष है, लेकिन जब मौके पर भौतिक सत्यापन किया गया तो केवल 150



बोरी धान ही उपलब्ध पाई गईं। यही नहीं, जो धान मौके पर मौजूद है, उसकी स्थिति भी बेहद खराब बताई जा रही है। बोरियां अस्त-व्यस्त हालत में हैं, जिससे भंडारण और रख-रखाव में भारी लापरवाही साफ नजर आती है। इस गंभीर विसंगति को सामने लाने में गोयल राइस मिल के संचालक संतोष गोयल की अहम भूमिका रही। उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन को लिखित शिकायत दी है। शिकायत जिला कलेक्टर, खाद्य अधिकारी और जिला विपणन अधिकारी को भेजी गई है, जिसमें धान स्टॉक में भारी गड़बड़ी और संभावित भ्रष्टाचार की आशंका जताई गई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जब इस मामले में केन्द्र के समिति प्रबंधक बलराम सिंह से जानकारी चाही गई, तो उन्होंने स्पष्ट जवाब देने के बजाय टाल-मटोल वाला रवैया अपनाया। उनके अस्पष्ट बयानों से संदेह और गहरा गया है, इससे सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह लापरवाही है या जानबूझकर की गई हेराफेरी। मामले की जानकारी मिलते ही चैनपुर समिति के अध्यक्ष उजितनारायन सिंह भी ⏭ शेष पेज 4 पर

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे कोटवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोटवार एसोसिएशन ऑफ छग के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है।

■ अपनी मांगों को लेकर सीएम को भेजे पत्र

कोटवार एसोसिएशन के विनोद कुमार, धर्मपाल का कहना है कि हम सभी कोटवारों की सेवाएं शासकीय कर्मचारियों की भॉंति भूतपूर्व शासको के कार्यकाल से लेकर वर्तमान शासन में भी पीढ़ी दर पीढ़ी से आज तक निर्वरत जारी है, फिर भी कोटवारों को आर्थिक स्तरों पर सम्मान जनक जीवन-यापन करने के लिए नसीब नहीं हो पा रही है। जिसके चलते प्रदेश में खास कर सेवा भूमिहीन कोटवारों को विगत कई वर्षों से निरंतर आर्थिक कठिनाईयों का सामना कर शोषित जिंदगी जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। इन लोगों की प्रमुख मांग है



कि कोटवारों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिया जाकर नियमित किया जाए तथा जब तक नियमित नहीं किया जाता तब तक मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि किया जाए। सेवा भूमिहिन कोटवारों की मानदेय 6000 से 21000 वृद्धि किया जाए। 3 एकड़ सेवा भूमि वाले कोटवारों की मानदेय में 5500 से 18000 वृद्धि किया जाए।

5-7 एकड़ सेवा भूमि वाले कोटवारों की मानदेय में 4500 से 15000 वृद्धि किया जाए। 10 एकड़ से अधिक सेवा भूमि वाले कोटवारों की मानदेय में 3000 से 12000 वृद्धि किया जाए। मध्यप्रदेश की कोटवारों के भॉंति वर्दी कपड़ा खाकी कलर अच्छे किस्म का छग कोटवारों को भी दिया जाए। वर्दी सिलाई राशि 275 रूपए से बढ़ाकर 1000 रूपए प्रतिवर्ष दिया जाए। तथा अच्छे किस्म का प्रत्येक तीन वर्ष में गरम कोट दिया जाए। उल्लेखनीय है कि संघ की ओर से निरंतर कोटवारों को लंबित मांगों को लेकर शासन के समक्ष संघर्षरत है, इससे कोटवारों में अब असंतोष व्याप्त होने लगा है।

# चनवारीडांड का मुक्तिधाम बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले की ग्राम पंचायत चनवारीडांड में स्थित मुक्तिधाम आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में बदहाली का शिकार है।

जीवन की अंतिम यात्रा के लिए बनाए गए इस स्थल पर न तो पीने के पानी की व्यवस्था है और न ही शोकाकुल परिजन को बारिश व तेज धूप से बचाने के लिए कोई शेड। संवेदनशील समय में परिवारों को खुले आसमान के नीचे ही अंतिम संस्कार की रस्में निभानी पड़ती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। वर्षों से पंचायत स्तर से लेकर जनप्रतिनिधियों तक गुहार लगाई गई, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। मुक्तिधाम में बैठने की कोई व्यवस्था नहीं, छाया का अभाव है और स्वच्छता की स्थिति भी चिंताजनक बनी रहती है। ऐसे में सरकारी योजनाओं और बुनियादी ढॉचे के दावों पर सवाल



खड़े होना स्वाभाविक है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विकास कार्यों की सूची में मुक्तिधाम जैसे आवश्यक स्थल अक्सर प्राथमिकता से बाहर रह जाते हैं, जबकि अंतिम संस्कार जैसे कार्य के दौरान सुविधाओं की कमी मानवीय पीड़ा को और बढ़ा देती है। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को विशेष कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मुक्तिधाम में तत्काल छत/शेड, स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्थायी समाधान के लिए बजट आवंटन कर कार्यों की समय-सीमा तय की जाए। अब निगाहें जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों पर टिकी है। क्या इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर शीघ्र संज्ञान लेकर मानवीय गरिमा के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, या फिर यह स्थल यूं ही उपेक्षा का प्रतीक बना रहेगा।

# नदियां नहीं, जहर बह रहा, गंदगी का जिम्मेदार कौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर की पहचान रही जीवनदायिनी नदियां आज अपने अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रही हैं। हसदेव नदी, हसिया नदी और विशालबोरा नदी तीनों नदियों अब पवित्र जलधारा नहीं, बल्कि शहर की गंदगी ढोने वाले खुले नाले बन चुकी हैं। नालियों का पूरा गंदा पानी बिना किसी शोधन के सीधे इन नदियों में गिराया जा रहा है, जिससे जल पूरी तरह दूषित हो चुका है।

■ अस्तित्व की अंतिम सांसे गिन रही हैं जीनदायिनी नदियां

हालात इतने भयावह हैं कि नहाने की बात तो दूर, नदी किनारे खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। बदबू, सड़ा कचरा, प्लास्टिक और गंदे झाग से भरा पानी साफ संकेत दे रहा है कि इन नदियों में अब पानी नहीं, जहर बह रहा है। गर्मी के



मौसम में जब जल स्तर घटता है, तब प्रदूषण और भी घातक रूप ले लेता है, जिससे आसपास के इलाकों में बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई। वर्षों से शहर की नालियों की योजना बिना दूरदर्शिता के बनाई गई। कहीं भी यह नहीं सोचा गया कि नालियों का अंतिम बहाव कहां जाएगा। नतीजा यह हुआ कि हर मोहल्ले, हर घर और हर दुकान का गंदा पानी नदियों में समा गया। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसी बुनियादी व्यवस्था आज तक कागजों से बाहर नहीं आ सकी। सबसे गंभीर सवाल यह है कि इस पर्यावरणीय आपदा पर जिम्मेदार कौन है। स्थानीय प्रशासन जानता है, फिर भी कार्रवाई नहीं करता। जनप्रतिनिधि विकास के दांवे करते हैं, लेकिन नदियों के संरक्षण पर चुप्पी साधे रहते हैं। पर्यावरण प्रेमी संगठन कभी-कभार आवाज उठाते हैं, पर निरंतर आंदोलन या दबाव नहीं बन पाता। आम नागरिक भी इसे सरकारी मामला मानकर अपनी जिम्मेदारी से बचता नजर आता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि इसी तरह गंदा पानी नदियों में जाता रहा, तो इसका सीधा असर भू-जल पर पड़ेगा। आने वाले वर्षों में पीने का पानी भी प्रदूषित हो सकता है। इसका खामियाजा सबसे ज्यादा गरीब, किसान और ग्रामीण क्षेत्रों को भुगतना पड़ेगा। बच्चों और बुजुर्गों में त्वचा, पेट और सांस संबंधी बीमारियों का खतरा पहले ही बढ़ चुका है।

नदियां केवल जल का स्त्रोत नहीं होतीं, वे शहर की सांस्कृतिक और सामाजिक आत्मा होती हैं। मनेन्द्रगढ़ में बहने वाली ये नदियां आज सामूहिक लापरवाही, उदासीन प्रशासन और कमजोर जनचेतना की शिकार हैं। सवाल साफ है—क्या हम इन नदियों को मरते हुए देखते रहेंगे, या अब कुछ करेंगे।

# सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में लैंगिक समावेशन एवं समानता तथा संवेदनशीलता एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण विषय पर सात दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप की अध्यक्षता में हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगरपालिका परिषद एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे के मुख्य आतिथ्य तथा सांसद प्रतिनिधि श्रीमती साधना जायसवाल एवं विधायक प्रतिनिधि श्रीमती अंजली जायसवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्पअर्पित एवं दीप प्रज्जलित कर की गई। प्राचार्य डॉ. कच्छप ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समाज में लैंगिक समानता और







संवेदनशीलता समय की आवश्यकता है। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को सामाजिक जागरूकता का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम की रूपरेखा हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं संयोजिका श्रीमती कनकलता पैकरा ने प्रस्तुत करते हुए सात दिवसीय आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। प्रथम दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती वित्तबाला श्रीवास्तव एवं सुश्री कविता मंडल ने समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता, बाल संरक्षण एवं महिला अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी।

वक्ताओं ने कहा कि लैंगिक असमानता समाज के समग्र विकास में बाधक है। इस अवसर पर विशाखा गाइडलाइन के प्रावधानों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर भी प्रकाश डाला गया। आगामी दिनों में वरिष्ठ पत्रकार, चिकित्सक, पुलिस अधिकारी, मनोवैज्ञानिक, समाजशास्त्री, न्यायिक अधिकारी एवं शिक्षाविद विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। समापन दिवस पर प्रोफेसर जीए घनश्याम प्राचार्य ⏭ शेष पेज 4 पर

### बदला मौसम, हो सकती है बूंदाबांदी एवं ओलावृष्टि

**अम्बिकापुर।** उत्तर एवं दक्षिण की परस्पर विरोधी एवं अलग- तापमान की हवाओं के आपस में टकराने से मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम विज्ञानी रविवार को भी आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज हवा व गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी एवं ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में ताकतवर पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। वहीं दक्षिण भारत में चक्रवाती परिसंचरण। पछुआ विक्षोभ सीमावर्ती मध्यप्रदेश तक प्रभावी है साथ ही पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर की हवाएं एवं दक्षिण भारत में सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण की परस्पर विरोधी एवं अलग-अलग तापमान की हवाएं छत्तीसगढ़ में पहुंचकर आपस में टकरा रही है। परस्पर विरोधी एवं अलग-अलग तापमान की हवाएं टकराने से शनिवार को मौसम में व्यापक बदलाव देखा गया। सुबह आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली। मौसम में आए बदलाव से बारिश होने जैसी स्थिति बन गई थी। धूप निकलने पर बादलों का घनत्व कम हुआ।

# जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने जुटी कांग्रेस



**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस के संगठन सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत झगराखांड सहित अन्य क्षेत्रों में आयोजित महत्वपूर्ण बैठकों ने क्षेत्रीय राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है, इससे पहले भी बंजी, बुंदेली, पाराडोल, छिपछिपी भौता नारायणपुर तेंदुडांड जैसे पंचायतों में भी जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य प्रारंभ कर दिए गए है। इसके साथ ही झगराखांड में सैकड़ों युवाओं का कांग्रेस का दामन थामना भाजपा के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर द्वारा आयोजित इन बैठकों का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय, संगठित एवं प्रभावी बनाना रहा।

बैठकों में संगठन विस्तार, कार्यकारिणी गठन, जनसमस्याओं के समाधान, घर-घर जनसंपर्क अभियान तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। झगराखांड में आयोजित बैठक में सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की, इसे इसलिए भी बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि पूर्व में कांग्रेस के तीन-तीन नगर पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाश विश्वकर्मा, रजनीश पांडेय एवं रीमा रमेश यादव भाजपा में शामिल हो गए थे। ऐसे राजनीतिक परिदृश्य में युवाओं का कांग्रेस से जुड़ना संगठन के लिए नई ऊर्जा और मजबूती का प्रतीक है। बैठक के दौरान अजीत सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा, जनहित की नीतियां और क्षेत्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित होकर वे संगठन से जुड़े हैं तथा जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य करेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और कांग्रेस की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाएं। झगराखांड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि कांग्रेस की विचारधारा आज भी जनमानस में जीवंत है। मजबूत जमीनी रणनीति के साथ संगठन आगामी समय में और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष सौरव मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, छोटेलाल वर्मा, राधे मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह, योगेन्द्र खैरवार, राम गोपाल यादव, राकेश यादव, कोमल कांत, खोनेश्वर प्रसाद, मो. रहमतुल्ला, संजय यादव, अरुणिमा सिंह, बबीता यादव, मो. सुलेमान, राज यादव, विनोद जांगड़े, राम राशिले, जगदीश प्रसाद, भावेश जैन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नियम तोड़ने वालों के काटे जा रहे चालान

# होली से पहले पुलिस सख्त: विशेष चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्य मार्ग स्थित एनएच-43 पर शनिवार की शाम पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आगामी होली महापर्व को देखते हुए अभियान को विशेष सतर्कता और सख्ती के साथ अंजाम दिया गया। इस दौरान दुपहिया और चार पहिया वाहनों की गहन जांच करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन



जांच कार्रवाई करती पुलिस।

में यह अभियान संचालित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाना है। चरचा थाना प्रभारी उप निरीक्षक आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनएच-43 पर नाकाबंदी कर सघन जांच की। इस दौरान ट्रिपल सवारी, बिना नंबर प्लेट, तेज आवाज वाले साइलेंसर, तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं चार पहिया वाहनों में ब्लैक फिल्म, अवैध फ्रेम और ओवरलोडिंग करने वालों पर भी जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों को मौके पर ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सावधानी बरतने की अपील की गई। अचानक हुई जांच से कुछ चालक घबराए नजर आए, जबकि कई नागरिकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर चलते रहने चाहिए और शहर के भीतर भी नियमित रूप से जांच की जानी चाहिए, ताकि लापरवाह चालकों पर नियंत्रण रखा जा सके।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल चालान काटने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों में यातायात के प्रति जागरूकता फैलाना इसका मुख्य उद्देश्य है। आम नागरिकों से अपील की गई कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, ट्रिपल सवारी से बचें, सभी आवश्यक ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर बजाने पर लगा प्रतिबंध

बिश्रामपुर। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के संचालन को ध्यान में रखते हुए अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) सूरजपुर ने ध्वनि विस्तार यंत्र डीजे, लाउडस्पीकर के उपयोग को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम कार्यालय से जारी पत्र में शहर के विभिन्न मैरिज हॉल, होटल, सामुदायिक भवन एवं अन्य आयोजन स्थलों के संचालकों को निर्देशित किया जाएगा। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर के रिट पेटीशन प्रकरण नम्बर 88/2023 में पारित आदेश दिनांक 29.09.2023 एवं 10.10.2023 तथा कोलाहल अधिनियम 1985 के प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें। वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई एवं परीक्षा की तैयारी प्रभावित न हो, इसके लिए रात्रि 10 बजे के बाद से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी।

### आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारे को मिलता है बढ़ावा-चिंतामणि



करवां। सनातन संत समाज के तत्वावधान में यज्ञशाला भवन करवां में गहिरा गुरु संत रामेश्वर की प्रेरणा से आयोजित चार दिवसीय सार्वजनिक विष्णु महायज्ञ वैदिक मंत्रोच्चार और के साथ हवन पूजन कर विधि-विधान पूर्वक संपन्न हुआ। महायज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद चिंतामणि महाराज एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती किरण केराम, सरपंच निरूपा सिंह सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि चिंतामणि महाराज द्वारा यज्ञशाला में विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की। इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में नैतिक मूल्यों,आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति और संत समाज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा सभी संत समाज द्वारा पूज्य रामेश्वर गहिरा गुरु के बताए गए सत्य, शांति, दया, क्षमा को धारण करें। स्थानीय यज्ञशाला भवन का निर्माण सन 1995 में सनातन धर्म संत समाज आश्रम गहिरा के सौजन्य से हुआ है। तब से लेकर आज तक समाज के लोगों द्वारा प्रतिवर्ष सार्वजनिक विष्णु यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 18 से 21 फरवरी तक सुबह एवं सायं काल में पूजा अर्चना हवन एवं भजन सत्संग का कार्यक्रम कराया गया। यज्ञाचार्य अंबिका प्रसाद वैष्णव एवं रामखेलावन वैष्णव द्वारा विधि विधान पूर्वक यज्ञ संपन्न कराया गया। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर दराज से आए महिला, पुरुष व बच्चों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अमर साय राजवाड़े, दुलेश्वर कुशवाहा, राम प्रसाद पैकरा, अमर लाल सिंह, भुवनेश्वर सिंह, रामनारायण सिंह, संतोष कुशवाहा, राम कुशवाहा, फलेश्वर कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, दुर्गा साहू, तेज प्रताप सिंह, बिरसाय राजवाड़े, रवि कुशवाहा, ललन सिंह, प्रकाश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में संत समाज के लोग उपस्थित थे।

### भाजपा शहर मंडल ने मनाया मुख्यमंत्री साय का जन्मोत्सव



सूरजपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन भाजपा शहर मंडल द्वारा हर्षोल्लास एवं सेवा भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा के नेतृत्व में शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर स्कूली बच्चों के साथ केक काटा गया तथा बच्चों को अध्ययन सामग्री, चॉकलेट एवं फल वितरित किए गए। उपहार पाकर बच्चे अत्यंत उत्साहित एवं प्रफुल्लित नजर आए। इस दौरान विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, संदीप अग्रवाल, अजय अग्रवाल अज्जू, डॉ. एचएन चतुर्वेदी, राजेश्वर तिवारी, राजू देवांगन,नीरज जिंदिया, प्रमोद तायल, प्रदीप सोनी, हिमांशु जैन, संदीप जायसवाल, सत्यनारायण गुप्ता, गुलाब , किशन सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दर्जनभर दुकानें जलकर खाक

# पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के पास सड़क किनारे संचालित अस्थाई दुकानों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट अंतर्गत प्रमुख पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट के पास सड़क किनारे संचालित अस्थाई दुकानों में बीती रात आग लग गई। आग के चपेट में आने से दर्जनभर दुकानें जलकर खाक हो गई। दुकानें जलने से ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

**खास बात**

- अलाव की चिंगारी अथवा नशेड़ियों की लापरवाही से आग लगने की संभावना

मैनपाट स्थित पर्यटन स्थल टाइगर प्वाइंट में सालो भर पर्यटकों की आवाजाही रहती है तथा स्थल पर पूरे दिन पर्यटक मौजूद रहते हैं। पर्यटन स्थल के पास ही ग्राम बिजलवा के ग्रामीण होटल, स्नेक्स सहित अन्य सामग्रियों की दुकान संचालित करते हैं। ग्रामीण सुबह सामान लेकर पहुंचते हैं तथा देर शाम सामानों को लेकर अपने घर चले जाते हैं। प्लास्टिक की कुर्सियां, टेबुल एवं अन्य सामान दुकानों में ही छोड़ देते है। शुक्रवार को ग्रामीण अपनी दुकानें बद कर घर चले गए थे इस दौरान लोगों ने सड़क किनारे संचालित दुकानों से आग की लपटें उठती देख दुकानदारों को सूचना दी। सूचना मिलने पर देर रात पहुंचे दुकानदारों ने आग बुझाने की कोशिशें भी की लेकिन घासफूस व प्लास्टिक पन्नी के कारण आग की लपटे आसपास की सभी दुकानों में फैल गई तथा कुछ ही देर में दुकाने जलकर खाक हो गई।

आग से दुकानों में रखी प्लास्टिक की कुर्सियां, टेबुल सहित अन्य सामग्रियां जल गई हैं दुकानों में आग कैसे लगी अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। क्षेत्रवासियों के अनुसार एक ही गांव के लोग दुकानें संचालित करते हैं तथा अलग-अलग विषयों को लेकर उनमें आए दिन विवाद भी होता है। स्थल पर देर शाम तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ठंड से बचाव के लिए ग्रामीण दुकानों के पास अलाव भी जलाते हैं। लोग नशेड़ियों अथवा अलाव की चिंगारी से दुकानों में आग लगने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



आग से जलती दुकानें।

**हर साल होती है घटना**

पर्यटन स्थलों के पास संचालित अस्थाई ठेले गुमटियों में प्रायः हर साल आग लगने की घटनाएं होती है। एक साल पूर्व भी टाइगर प्वाइंट के पास संचालित दुकानों में आग लगी थी तथा दुकानदारों को भारी नुकसान हुआ था। इस दौरान दुकानों में रखी खाद्य सामग्रियां भी जल गई थी। इस घटना के बाद से ही व्यवसायी अधिकांश सामानों को रात में नियमित घर ले जाते थे। पिछले साल पर्यटन स्थल दलदली में सड़क किनारे संचालित दुकानों में आग लग गई थी तथा एक दर्जन से अधिक दुकानें जल गई थी। ग्रामीण दुकानों से हुई आय से अपने परिवार की रोजी-रोटी चलाते हैं। आग से शिवकुमार, अनिल यादव, संजू यादव एवं कैलाश यादव को अधिक नुकसान हुआ है।

**नहीं है सुरक्षा की व्यवस्था**

मैनपाट के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होने के कारण धड़ल्ले से नशे का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। पर्यटन स्थलों पर शराब सहित अन्य नशीली सामग्री उपलब्ध होने के कारण इन स्थलों पर देर शाम तक नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे तत्वों में बाहर से आए पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोग भी शामिल हैं। पर्यटन स्थलों पर नशीले सामग्रियों की उपलब्धता भविष्य के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। टाइगर प्वाइंट पर हत्या एवं आत्महत्या करने संबंधी घटनाएं भी घटित हो चुकी है।

### माइनर्स कॉलोनी के समीप फूल तोड़ने गई दो महिलाओं पर गिरा दीवार का मलबा

- एक का पैर फ्रैक्चर, गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को अंबिकापुर अस्पताल कराया गया भर्ती

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शांतिनगर में शनिवार की सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब फूल तोड़ने के दौरान एक पोल्ट्रीफार्म का पुराना अहाता अचानक भर भराकर गिर पड़ा। हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें तत्काल अंबिकापुर के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवंदनपुर शांतिनगर निवासी तारावती देवी पति प्रेमचंद केशरवानी शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे विद्या देवी व अन्य महिलाओं के साथ रोज की तरह टहलने निकली थीं। सैर के दौरान वे माइनस कॉलोनी निवासी उपेंद्र सिंह के अजीत पोल्ट्रीफार्म के पास पहुंचीं थीं। बताया जा रहा है कि महिलाएं वहां लगे फूलों को तोड़ रही थीं, तभी अचानक पोल्ट्रीफार्म का पुराना अहाता गिर पड़ा। दीवार के मलबे की चपेट में आने से तारावती देवी का एक पैर फ्रैक्चर हो गया है और विद्या देवी के माथे पर गंभीर चोट आई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दीवार गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों महिलाओं को मलबे से बाहर निकाल परिजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद दोनों को तत्काल अंबिकापुर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त अहाता काफी पुराना और जर्जर हो चुका था। दीवार के पास से लगातार नाली का पानी बहता रहता था, जिससे उसकी नींव कमजोर हो गई थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी कारण दीवार अचानक ढह गई।

## सनकी पति के हमले से महिला की मौत साली व बच्ची पर भी किया हथौड़े से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी के भाई की शादी में शामिल होने आए सनकी पति ने देर रात पहले पत्नी फिर साली व बच्ची पर हथौड़े से प्राणघात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई पत्नी की मौत हो गई जबकि साली व बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम रेवटी निवासी यशोदा कुशवाहा पति गणेश कुशवाहा (35 वर्ष) पति के साथ विवाद होने पर बेटी नैना के साथ मायके ग्राम सरहरी में रह रही थी। इस बीच भाई के शादी में शामिल होने पति ससुराल आया था। 20 फरवरी को बारात आने के बाद अन्य मेहमान चले गए जबकि रात में वह यशोदा बेटी के साथ कमरे में सो रही थी जबकि बहन गंगात्रो, भांजी पिंकी व मो तीनों एक कमरे में सो रहे थे वहीं गणेश हाल में अकेले सो रहा था। इसी बीच देर रात बच्ची के रोने की आवाज सुन परिजन कमरे से बाहर निकले तो पिंकी ने बताया कि मौसा गणेश हथौड़ी से मौसी यशोदा, गंगोत्री से वार करने के पश्चात उसे भी मारने के लिए दौड़ाया। परिजन जब कमरे में गए तो उनके होश उड़ गए। यशोदा और गंगोत्री लहूलुहान हालत में बेहोश पड़े थे। परिजन तीनों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने तीनों की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायलों को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत यशोदा को मृत घोषित कर दिया जबकि गंगोत्री व पिंकी का आईसीयू में भर्ती कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### विचाराधीन बंदी की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत

**रामानुजगंज।** जिला जेल रामानुजगंज में निरुद्ध एक विचाराधीन बंदी की शनिवार सुबह अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पस्ता थाना अंतर्गत सीतारामपुर निवासी बिशन उर्फ बिशुन कोड़ाक (48 वर्ष) धारा 294, 506, 323, 147, 148, 149, 450, 302 भादवि एवं टोनही प्रताड़ना अधिनियम की धाराओं के तहत 15 नवंबर 2023 से न्यायिक अभिरक्षा में था। जेल अधीक्षक वाल्मीकि ध्रुव ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे बंदी की तबीयत अचानक बिगड़ने पर उसे तत्काल रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया था। चिकित्सकों द्वारा दस्त, उल्टी और अत्यधिक कमजोरी की शिकायत पर उपचार दिया गया। रात में हालत स्थिर होने पर चिकित्सकीय परामर्श के बाद रात को उसे पुनः जेल दाखिल किया गया। शनिवार 21 फरवरी की सुबह 9.30 से 10 बजे के बीच बंदी की तबीयत फिर बिगड़ गई। पेट दर्द की शिकायत मिलने पर जेल प्रहरियों ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना रामानुजगंज थाना द्वारा मृतक के परिजनों को दी गई। नियमानुसार तहसीलदार की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई की जाएगी एवं चिकित्सकों की टीम द्वारा अस्पताल में ही पोस्टमार्टम किया जाएगा। जिसके बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया जाएगा।

## फार्म 7 के माध्यम से वैध मतदाताओं का नाम कटवाने वालों पर हो कार्रवाई

- अंतिम सूची के प्रकाशन उपरान्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने की मांग, कहा कार्यकर्ताओं की सक्रियता के कारण विफल हुआ प्रयास

**अंबिकापुर।** मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के उपरांत शनिवार को जारी अंतिम मतदाता सूची के सामने आने के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा है कि फार्म 7 के माध्यम से भाजपा ने मतदाताओं के जिन नामों को काटने का दुर्भावनापूर्ण प्रयास किया वो विफल हो गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता के माध्यम से उन्होंने प्रशासन से यह मांग की है कि फार्म 7 के माध्यम से दुर्भावनापूर्ण तरीके से वैध मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 212 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने प्रेसवार्ता में यह आरोप लगाया कि एसआईआर की पूरी प्रक्रिया का उपयोग कर भाजपा अपने मनमुताबिक मतदाता सूची को तैयार करने के प्रयास में थी। इसी के तहत भाजपा ने ऐसे मतदान केन्द्रों को चुनकर जहां कि कांग्रेस को लीड मिलती थी, वहां के कांग्रेस समर्थक मतदाताओं का नाम कटवाने का प्रयास किया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी के सक्रिय बीएलए, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष एवं अन्य कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास के फलस्वरूप भाजपा का यह प्रयास सफल नहीं हो पाया। एसआईआर में पार्टी की सक्रियता का श्रेय पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को जाता है जिन्होंने पूरे जिले के कार्यकर्ताओं के साथ 6 बार समीक्षा बैठक कर उन्हें हर चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि जनवरी 2025 की तुलना में आज जारी मतदाता सूची के अनुसार जिलेभर में लगभग 72000 मतदाताओं की संख्या में गिरावट आयी है। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदाताओं के स्थानांतरित होने, मृत्यु होने या अनुपस्थित होने के कारण इसमें यह गिरावट आयी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मतदान केन्द्रों के अनुसार इसकी जांच प्रारंभ करेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, मो इस्लाम, इरफान सिद्धकी, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, अतुल तिवारी, जमील खान, रशीद अहमद, नरेन्द्र विश्वकर्मा, आशीष जायसवाल आदि उपस्थित थे।



## कालीघाट मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां हुईं शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम महावीरपुर अजीरमा स्थित कालीघाट मंदिर में चैत्र नवरात्र के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यहां भव्य आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शनिवार को मंदिर समिति की अहम बैठक आयोजित कर पूरे नौ दिनों के कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तय की गई।नौ दिनों तक माता रानी की विशेष पूजा-अर्चना, अखंड ज्योति, दुर्गा सप्तशती पाठ और प्रतिदिन भंडारे का आयोजन होगा। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी। इस वर्ष आयोजन की खास बात होगी विशाल मीना बाजार, जहां स्थानीय व्यापारियों के साथ बाहरी दुकानदार भी अपनी दुकानें सजाएंगे। बच्चों के लिए झूले, खेल-तमाशे और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहेंगे। साथ ही राष्ट्रीय स्तर की डांस स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी हिस्सा लेने पहुंचेंगे। लोकनृत्य, आधुनिक नृत्य और धार्मिक प्रस्तुतियों से मंच सजेगा। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। नवरात्र की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से होगी। अलग अलग मार्डल की विशेष प्रस्तुति भी इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगी।



## बरगीडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में हुआ शुभारंभ

विकासखंड लुंड्रा अंतर्गत बरगीडीह में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में प्रारंभ किया गया। लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पीएम जनमन योजना अंतर्गत मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इससे दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

इस अवसर पर विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र की जनता को बेहतर उपचार सुविधा मिलेगी और गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल तक जाने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्य सड़क, पुल-पुलिया निर्माण एवं अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन से विकासखंड लुंड्रा के दूरस्थ ग्रामों में रहने वाले लोगों को नियमित स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। खंड चिकित्सा अधिकारी धौरपुर ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## केआए टेक्निकल कॉलेज के विद्यार्थियों को कराया तसर उद्योग का भ्रमण



**अम्बिकापुर।** शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उसे व्यवहारिक स्वरूप देने की दिशा में केआर टेक्निकल कॉलेज संजय नगर द्वारा एक सराहनीय पहल की गई। महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग ने विद्यार्थियों को तसर रेशम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु कोसा बीज केंद्र में शैक्षणिक भ्रमण कराया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अर्जुन वृक्ष के रोपण से लेकर तसर रेशम कीट के पालन, कोकून निर्माण तथा कोकून से रेशम धागा निकालने की संपूर्ण प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। विशेषज्ञों ने बताया कि तसर रेशम मुख्यतः वन क्षेत्र में पाए जाने वाले वृक्षों पर पाले जाने वाले रेशम कीटों से प्राप्त होता है, जो पूर्णतः प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल उत्पाद है। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि कोकून तैयार होने के बाद वैज्ञानिक विधियों से धागा निकाला जाता है, जिसे आगे वस्त्र निर्माण के लिए उपयोग में लाया जाता है। केंद्र के अधिकारियों ने तसर उद्योग की आर्थिक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार का सशक्त माध्यम है। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में कोसा रेशम की विशिष्ट पहचान है, जो स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करती है। विद्यार्थियों ने उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकों, श्रम-आधारित प्रक्रियाओं तथा स्वरोजगार की संभावनाओं को निकट से समझा।

पूर्व में कई बार गेट की हो चुकी है मरम्मत

## मरम्मत के लिए खोला गया एनीकट का गेट, जलस्तर कम होने से लगी मछुआरों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

एनीकट के गेट खराब होने तथा लगातार पानी रिसाव होने से कनहर नदी का जलस्तर कम होने की समस्या को दूर करने विभाग द्वारा मरम्मत के लिए गेट खोला गया है। एनीकट का गेट खोलने से नदी का जलस्तर कम होने से हर अब बड़ी संख्या में मछली मारने के लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है।

हैरानी की बात तो यह है कि एनीकट के गेट की मरम्मत पूर्व में कई बार की गई लेकिन एनीकट से पानी का रिसाव बंद नहीं हो सका। ऐसे में गर्मी का मौसम आने से पहले ही नदी का जल स्तर काफी कम हो जाता है जिससे नगर के लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ता है।

नगर के 25 हजार की आबादी नियमित जल प्रदाय के लिए कनहर नदी पर निर्भर है। ऐसे में नगर के लोगों को पेयजल की समस्या न हो और नियमित जल प्रदाय हो सके इसके लिए कुछ साल पूर्व लगभग 9 करोड़ की हालत से कनहर नदी पर एनीकट का निर्माण कराया गया। कनहर नदी स्थित एनीकट के गेट पिछले लंबे समय से खराब है। एनीकट के गेट के खराब होने से लगातार हो रहे पानी रिसाव से नदी में पानी कम हो जाती है जिससे नगर वासियों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। गर्मी के मौसम में नगर में पेयजल संकट न हो इसे ध्यान में रखकर जल संसाधन विभाग द्वारा मरम्मत करने के लिए गेट को खोला है। नगर पालिका क्षेत्र की लगभग 25 हजार की आबादी को नियमित जल प्रदाय इसी नदी से पानी लिफ्ट कर टंकी में भरा जाता है और वहां से पूरे नगर में पेयजल की आपूर्ति की जाती है। ऐसे में मरम्मत कार्य को शीघ्र पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि जल आपूर्ति प्रभावित न हो। इधर एनीकट गेट को खोल देने से कनहर नदी का जलस्तर कम हो गया है जिससे अब मछली मारने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है।



**एनीकट का नहीं मिला लाभ**

नगर के लोगों का कहना है कि जल संसाधन विभाग द्वारा एनीकट निर्माण में 9 करोड़ रुपए खर्च किए गए परंतु एनीकट का आज तक नगर वासियों के लिए कभी भी उपयोगी नहीं रहा। एनीकट निर्माण नगर के नियमित पेयजल सप्लाई व्यवस्था के लिए वरदान समझा जा रहा था परंतु अब अभिशाप साबित होने लगा है।

**दो-तीन दिन में हो जाएगी मरम्मत**

एनीकट के कुछ गेट खराब हो गए हैं, जिनकी मरम्मत के लिए अस्थायी रूप से गेट खोला गया है। गेट मरम्मत दो से तीन दिनों के भीतर पूरा कर पुनः गेट बंद कर दिया जाएगा।
-एनपी डहरिया, कार्यपालन अभियंता

## सुरक्षा अमले के औचक निरीक्षण में गायत्री खदान के बाहर बड़ी मात्रा में कोयला की बोरियां बरामद

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री, आमगांव और अमेरा खदानों से हो रही कोयला चोरी पर प्रबंधन की सख्ती के बावजूद अंकुश नहीं लग पा रहा है। शनिवार तड़के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अपनी टीम के साथ गायत्री खदान पहुंचे, जहां औचक निरीक्षण के दौरान बड़ी मात्रा में चोरी का कोयला बरामद किया गया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा टीम ने पाया कि कई लोग कोल स्टॉक से कोयला बोरियों में भरकर बाइक, साइकिल और कंधे पर ढोकर ले जा रहे थे। टीम के जवानों ने घेराबंदी कर जब उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो अधिकांश लोग साइकिल और कोयले की बोरियां छोड़कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद सुरक्षा अधिकारी ने खदान के मजदूरों को बुलवाकर जब्त करीब 40 बोरी कोयले को लोडर के माध्यम से वापस स्टॉक में रखवाया। गौरतलब है कि चार दिन पहले आमगांव खदान में क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने स्वयं मौके पर पहुंचकर कोयला चोरों को पकड़कर कड़ी हिदायत दी थी। इसके अगले ही दिन आधा दर्जन कोयला चोरों और 10 बाइक को पकड़कर रामानुजनगर पुलिस के हवाले किया गया था। बावजूद इसके कोयला चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रबंधन का कहना है कि पुलिस का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से कोयला चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार, एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की अमेरा, आमगांव और गायत्री खदानों से प्रतिदिन लगभग 150 से 200 टन उत्पादित कोयले की चोरी हो रही है। इससे न केवल कंपनी को नुकसान हो रहा है, बल्कि राज्य शासन को भी प्रतिदिन लाखों रुपये की रॉयल्टी का नुकसान उठाना पड़ रहा है।






# रजनीकांत-कमल हासन की फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी

**मुंबई।** साउथ के 2 दिग्गज रजनीकांत और कमल हासन एक साथ आने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आखिरकार उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आरके एक्स केएच' का पोस्टर जारी कर दिया है। इसी के साथ प्रोमो रिलीज पर अपडेट दे दिया है। पिंकविला की रिपोर्ट में बताया गया था कि प्रोमो के लिए दोनों ने रेट्रो लुक में शूटिंग की है, जिसका सबूत पोस्टर में देखने को मिला है। इसे 'कूल रेट्रो स्वैग' नाम दिया गया है, जिसे देखने के लिए लोग उतावले हैं। 'आरके एक्स केएच' के पहले पोस्टर में 2 व्यक्तियों के हाथ दिखाए गए हैं। एक ने सोने की चमचमाती हुई घड़ी पहन रखी है, जबकि दूसरे के हाथ में सोने की अंगूठी नजर आ रही है।

## लाइफ Style

# भूमि
## काश मैं सिस्टम का हिस्सा होती

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की भारी असफलता और उससे जुड़े विवादों पर पहली बार खुलकर बात की है। अर्जुन कपूर संग बनी इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक माना जाता है।

भूमि ने एक इंटरव्यू में बतायो कि फिल्म का जो वर्जन दर्शकों ने देखा, वो अधूरा था। भूमि बोलीं कि इस फिल्म की असफलता ने उन्हें बुरी तरह तोड़ दिया था। मीडिया से बातचीत के दौरान भूमि ने अपनी फिल्म 'द लेडी किलर' की विफलता को याद किया, जो हाल के वर्षों में बॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बनकर उभरी। उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म का लगभग 35 प्रतिशत हिस्सा कभी शूट ही नहीं किया गया था। हमने जो स्क्रिप्ट पढ़ी थी, वो पूरी थी, लेकिन सेट पर फिल्म को अधूरा छोड़ दिया गया और जो कुछ रिलीज हुआ, वो एक अधूरी फिल्म थी।

***भूमि ने बताया क्यों फ्लॉप हुई फिल्म :*** भूमि बोलीं कि जो फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची, वह उस वर्जन से कोसों दूर थी, जिसे कलाकारों ने शुरुआत में साइन किया था। उन्होंने बताया, काश मुझे बेहतर पता होता, शायद अगर मैं सिस्टम का हिस्सा होती तो चीज़ों को अलग तरह से संभाल सकती थी। मैं सदमे में थी। मैं बस यही सोचती रह गई कि आखिर हो क्या रहा है, क्योंकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। आखिरकार, मैंने खुद को समझाया कि यह एक सीख थी।



## हॉलीवुड मसाला



# हाउस ऑफ द... का टीजर जारी

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ की सबसे चर्चित वेब सीरीज 'हाउस ऑफ द ड्रैगन' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। निर्माताओं ने आखिरकार इसके तीसरे सीजन को लेकर बड़ी खुशखबरी साझा कर दी है। पोस्टर के बाद, उन्होंने आधिकारिक टीजर जारी किया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। रैनीरा टार्गेरियन के प्रभावशाली किरदार में, अभिनेत्री एम्मा डी'आर्सी ने दमदार वापसी की है। इसके अलावा, आयरन थ्रोन के लिए चल रहे युद्ध की पहली झलक दिखाई गई है।



# साउथ एशियन सेलिब्रेशन में चमकी 'बूंग' और 'द परफेक्ट नेबर'

लंदन स्थित ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (**BAFTA**) मुख्यालय में आयोजित 'सेलिब्रेटिंग साउथ एशियंस' कार्यक्रम में डेब्यू डायरेक्टर लक्ष्मीप्रिया देवी की फिल्म 'बूंग' और भारतीय-अमेरिकी डायरेक्टर गीता गांधबीर की डॉक्यूमेंट्री 'द परफेक्ट नेबर' ने खूब तालियां बटोरी। मणिपुरी कॉमेडी-ड्रामा 'बूंग' को फरहान अख्तर के बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के समर्थन में बनाया गया है। ये मूवी बाफ्टा अवॉर्ड्स के बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट हुई है। फिल्म की टीम की ओर से असिस्टेंट डायरेक्टर राहुल शारदा ने कहा, 'भारत की क्षेत्रीय फिल्मों को ग्लोबल मंच पर पहचान मिलना बहुत गर्व की बात है। भारत सिर्फ नाच-गाने वाली बॉलीवुड फिल्मों तक सीमित नहीं है, हमारी सांस्कृतिक विविधता बहुत बड़ी है।'



# 'लोका चैप्टर-2' को लेकर झूम उठेंगे फैंस

**मुंबई।** साउथ अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन की चर्चित फिल्म 'लोका चैप्टर 1- चंद्रा' की अपार सफलता के बाद फैंस इसके सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि फिल्म के क्लाइमैक्स में दुलकर सलमान के कैमियो ने एक बड़ा सस्पेंस छोड़ा था जिसके बारे में जानने के लिए लोग उतावले हो रखे हैं। सलमान के प्रोडक्शन हाउस, वेफरर फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के सीक्वल पर अब खुद कल्याणी ने बड़ा अपडेट साझा किया है। मनी कंट्रोल के मुताबिक, कल्याणी ने 'लोका चैप्टर 2' पर एक अहम अपडेट साझा करते हुए पुष्टि की है कि उनका किरदार सीक्वल में वापसी करेगा। नक्षत्र, 2026 कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, 'लोका चैप्टर 2' की कहानी शुरू हो चुकी है। हम सितंबर, 2026 तक शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं।



# शिल्पा-जैकी 26 साल बाद फिर एक साथ

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और जैकी श्रॉफ की जोड़ी पूरे 26 साल बाद पर्दे पर वापसी कर रही है। ये दोनों कलाकार अमेजन प्राइम वीडियो की एक नई वेब सीरीज के लिए साथ आए हैं। आखिरी बार इन्हें 26 साल पहले पर्दे पर साथ देखा गया था, इसलिए दशकों बाद इनके नए प्रोजेक्ट ने दर्शकों को काफी उत्साहित कर दिया है। शिल्पा और जैकी के साथ-साथ उनके प्रशंसक भी इस सीरीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शिल्पा और जैकी की जोड़ी पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। दोनों अमेजन प्राइम वीडियो की एक वेब सीरीज के लिए बातचीत कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि ये 8 कड़ियों की एक 'स्लाइस-ऑफ-लाइफ' ड्रामा सीरीज होगी, जो शहरी रिश्तों और जीवन में मिलने वाले दूसरे मौकों की कहानी बयां करेगी।

## टीवी मसाला



# द 50 शो से बाहर आते ही शिव ठाकरे के बिगड़े बोल, कहा- वहां हम जानवरों से...

**मुंबई।** रियलिटी शो द 50 शो इन दिनों जमकर सुर्खियां बटोर रहा है. कई रिपोर्ट्स की मानें, तो अगले महीने इस शो का ग्रैंड फिनाले होगा। वहीं, शो के विनर का भी नाम सामने आ चुका है। कहा जा रहा है कि शिव ठाकरे इस बार ट्रॉफी अपने नाम करेंगे। वहीं, इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें शिव और प्रिंस नरूला साथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में महल से बाहर आने के बाद यह दोनों अपना शो में एक्सपीरियंस शेयर कर रहे हैं. चलिए जानते हैं आखिर इन कंटेस्टेंट्स से शो को लेकर क्या-क्या कहा।

***क्या सच में शो से बाहर आ गए हैं शिव-प्रिंस? :*** सोशल मीडिया पर वायरल क्लिप में शिव कहते हैं कि शो के दौरान वह "कुछ जानवरों" से मिले। हालांकि उनका अंदाज पूरी तरह मजाकिया दिख रहा था, लेकिन इस एक लाइन ने सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी। प्रिंस नरूला भी बातचीत में शामिल होते हुए कहते हैं कि शो से बाहर आने के बाद उन्हें लग रहा है कि अंदर का समय काफी अच्छा था। दोनों ने यह भी माना कि उन्होंने गेम से ज्यादा मस्ती की और शो को एंजॉय किया।

***प्रिंस नरूला ने शो के बारे में क्या-क्या बताया? :*** जब पैपराजी ने उनसे पूछा कि क्या शो में झगड़े ज्यादा होते थे, तो शिव ने साफ कहा कि उन्हें लड़ाई-झगड़ा पसंद नहीं है। उनका कहना था कि जहां भी विवाद होता था, वे उस जगह से हट जाना बेहतर समझते थे। उन्होंने बताया कि शो के दौरान वे और प्रिंस अक्सर तनाव से दूर रहकर फन मोमेंट्स पर ज्यादा ध्यान देते थे।

# सलमान, आमिर के बाद अर्नब गोस्वामी बन सुनील ग्रोवर ने लूट ली महफिल

**मुंबई।** हाल ही में टीवी के सबसे चर्चित कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में में फिल्म 'ओ'रोमियो' की स्टार कास्ट पहुंची। इस खास एपिसोड में



फिल्म मेकर विशाल भारद्वाज भी मौजूद थे लेकिन हर बार की तरह इस बार भी असली महफिल सुनील ग्रोवर ने लूट ली। उनकी एंट्री और अंदाज ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया। कभी सलमान खान का दबंग स्टाइल, कभी आमिर की परफेक्शन वाली झलक, हर बार नए अवतार में नजर आने वाले सुनील ग्रोवर ने इस बार मशहूर न्यूज एंकर अर्नब गोस्वामी की पैरोडी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। सुनील ने अपने सेगमेंट का नाम 'मुद्दा गर्म' रखा, जहां उन्होंने अपनी कॉमेडी से सभी को हंसने पर मजबूर किया। इस दौरान सुनील कहते हैं कि ' हमारी डिबेट में सबसे जरूरी है बोलना, लेकिन क्या बोलना है, ये मायने नहीं रखता।"

# तापसी पन्नू को मृणाल ठाकुर ने दी पटखनी 'अस्सी' से आगे निकली 'दो दीवाने शहर में'

*मुंबई। बॉलीवुड के लिए ये शुक्रवार बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक साबित नहीं हुआ। तापसी पन्नू की 'अस्सी', जिसे समीक्षकों से तो सराहना मिली, लेकिन दर्शकों को खींचने में ये फिल्म पहले दिन पूरी तरह विफल रही, वहीं युवाओं के बीच चर्चा बटोर रही मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने शहर में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर बेहद ठंडी शुरुआत की है। हालांकि, 'दो दीवाने शहर में' की पहले दिन की कमाई ने 'अस्सी' को पछाड़ दिया है।*

### 1 करोड़ का आंकड़ा भी पार ना कर पाई 'अस्सी'

रिपोर्ट के मुताबिक, 'अस्सी' ने अपने पहले दिन देशभर में मात्र 1 करोड़ रुपये कमाए। ये आंकड़ा इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इस साल आई यामी गौतम की महिला केंद्रित की छोटे बजट की फिल्म 'हक' भी कमाई के मामले में इससे आगे रही। इसने भी 1.75 करोड़ रुपये बटोरे थे। 'मुल्क' और 'थप्पड़' जैसी सफल फिल्मों के बाद निर्देशक अनुभव सिन्हा और तापसी इस बार 'अस्सी' लेकर आए, जिसे तारीफ तो खूब मिली, लेकिन दर्शक नसीब नहीं हुए।



***दर्शकों की तारीफ पर टिका फिल्म का भविष्य :*** *फिल्म समीक्षकों और ट्रेड पंडितों का स्पष्ट मानना है कि 'अस्सी' जैसी गंभीर और विषय-प्रधान फिल्मों का भविष्य पूरी तरह से 'वर्ड ऑफ माउथ' यानी दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया पर निर्भर करता है। पहले दिन की सुस्त शुरुआत के बाद फिल्म के पास संभलने के लिए अब केवल वीकेंड का ही सहारा है।*

### 'दो दीवाने शहर में' की सधी हुई शुरुआत

उधर 'दो दीवाने शहर में' ने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, ये आंकड़ा बड़ा नहीं है, लेकिन तापसी की फिल्म 'अस्सी' (1 करोड़) के मुकाबले ये फिल्म 25 लाख की बढ़त बनाने में कामयाब रही। फिल्म को युवाओं और मल्टीप्लेक्स दर्शकों का साथ मिला है। रवि उदयावर के निर्देशन वाली ये फिल्म मुंबई के 2 युवाओं की कहानी है, जो अपनी कमियों और अकेलेपन के बीच प्यार तलाशते हैं। शहरी युवाओं को इसकी कहानी खूब भा रही है।

# 'टॉक्सिक' में गैंगस्टर बनकर लौटे यश दुश्मनों पर पड़े भारी

**मुंबई।** 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल 'टॉक्सिक : ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' का धमाकेदार टीजर जारी हो गया है। केजीएफ 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद, यश की इस फिल्म से फैंस को बेशुमार उम्मीदें हैं और अब इसके टीजर ने उन उम्मीदों को और बढ़ा दिया है। केवीएन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और गीतु मोहनदार द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' में अभिनेता का दलेर अवतार दिखाई दिया है, जो लोगों के होश उड़ाने के लिए काफी है।



### यश का एक्शन सीक्वेंस देख हिल जाएगा दिमाग

'टॉक्सिक' का टीजर 1 मिनट 55 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत यश से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, 'इस बार जंग अलग है। उनकी मक्कारी भी अलग है। सबसे टकराना भारी पड़ेगा। यश अपने दुश्मनों पर भारी पड़ते दिखते हैं। इसमें एक्शन, मारधाड़ और खून-खराबा उच्च स्तर पर दिखाई देता है। कुछ दृश्य रूह कंपाने जैसे हैं। 19 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म में कियारा आडवाणी, नयनतारा, तारा सुतारिया, हुमा कुरैशी जैसे सितारे हैं।

## समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित

# प्रियंका की 'द ब्लफ' से पहले समुद्री डाकुओं पर बनीं हैं ये फिल्में

***मुंबई।*** *प्रियंका चोपड़ा अपनी चर्चित फिल्म 'द ब्लफ' के जरिए फिर पूरी दुनिया का दिल जीतने आ रही हैं। 25 फरवरी, 2026 को यह अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री का समुद्री डाकू के रूप में दमदार अवतार देखने के लिए फैंस काफी उत्साहित हैं। इसी विषय से संबंधित कुछ शीर्ष रेटिंग वाली फिल्में पिछले सालों में रिलीज हुई हैं, जिनका लुत्फ उठाकर समुद्री डाकुओं की रोमांचक दुनिया का दीदार किया जा सकता है।*

### 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' फ्रैंचाइजी

समुद्री डाकुओं पर बनी 8.1 रेटिंग वाली सबसे चर्चित फिल्म 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' का जिक्र होना लाजिमी है। निर्देशक गॉर वरबिन्स्की ने इसकी पहली 3 किस्तों 'द कर्स ऑफ द ब्लैक पर्ल', 'डेड मैन्स चेस्ट' और 'एट वर्ल्ड्स एंड' को बनाया था। इसकी 2 अन्य किस्तें 'ऑन स्ट्रेंजर टाइड्स' और 'डेड मेन टेल नो टेल्स' भी हैं। फिल्म की कहानी जैक स्पैरो (जॉनी डेप) नाम के समुद्री डाकू, श्रापित खजाने और जहाजों के रोमांचक सफर के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 'कैप्टन फिलिप्स' और 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स'

ऑस्कर विजेता टॉम हैंक्स की फिल्म 'कैप्टन फिलिप्स' 2013 में रिलीज हुई जिसे 7.8 की रेटिंग मिली है। इसकी कहानी 2009 में सोमाली समुद्री लुटेरों द्वारा अमेरिकी जहाज 'मर्स्क अलबामा' के अपहरण करने की सच्ची घटना पर आधारित है। इसे 6 ऑस्कर नामांकन मिले थे। 'द पाइरेट्स! बैंड ऑफ मिसफिट्स' एक बेहतरीन कॉमेडी एनिमेटेड फिल्म है जिसकी रेटिंग 6.7 है। कहानी एक जहाज कैप्टन पर बुनी गई है जो पायरेट ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतना चाहता है।





### 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' और 'द प्रिंसेस ब्राइड'

ब्रायन बकले द्वारा निर्देशित 'द पाइरेट्स ऑफ सोमालिया' एक कनाडाई पत्रकार जय बहादुर की किताब पर आधारित है। कहानी समुद्र डाकुओं की रोजमर्रा की जिंदगी को दिखाती है। इसे आईएमडीबी पर 6.7 की रेटिंग मिली है। 'द प्रिंसेस ब्राइड' 1987 में रिलीज एक कल्ट क्लासिक फिल्म है जिसे 8 की रेटिंग मिली है। रॉब रेनर द्वारा निर्देशित इसकी कहानी एक प्रेमी वेस्टली के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपनी प्रेमिका बटरकप को बचाने के लिए समुद्री डाकू का रूप लेता है।

